Title: Need to declare Pariyar and Bithur in U.P. as tourist centres and provide adequate funds for their development.

श्री देवी बक्स सिंह (उन्नाव): महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने जनपद उन्नाव (उत्तर प्रदेश) की ओर दिलाना चाहता हूं। उन्नाव और कानपुर जिले से लगा हुआ परियर व विठूर क्षेत्र जहां पर महर्षि बाल्मीकि जी का आश्रम था और जहां सीता जी ने श्रीराम द्वारा वन में छोड़ देने के बाद जीवन बिताया था, वहां के बारे में लोगों की ऐसी मान्यता है। यहां पर जानकी कुंड, बाल्मीकि आश्रम के प्रमाण अभी भी हैं। उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के कई पर्यटक लोग यहां आते हैं लेकिन उनके लिए कोई सुविधा नहीं है। यहां के बारे में मान्यता है कि यहां श्रीराम की सेना एवं लव-कुश में युद्ध हुआ था और बाद में सीता जी यहीं पर धरती में समा गई थी। क्षेत्र के निवासियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा सरकार से बार-बार मांग की गई कि इस स्थान को पर्यटन केन्द्र की मान्यता देकर इसका विकास किया जाए।

मेरा केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी से विशेष अनुरोध है कि वह इस स्थान का निरीक्षण करके इसे तुरन्त पर्यटन केन्द्र घोषित करें और इसके विकास के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए पर्याप्त धन उपलब्ध कराएं।